उज्जैन
सोमवार
03
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-271
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ कैंसर अस्पताल:20 हजार वाली पीईटी जांच 10 हजार रु. में होगी
7 ▸ भारत को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मशाल सौंपी गई

### हमला कर सकते हैं, लेकिन लोगों को मारना नहीं चाहता : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि सोमवार से अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत शुरू होगी। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वार्ता मध्यस्थों के जरिए होगी। ट्रम्प ने कहा, रहम जब चाहें कार्रवाई कर सकते हैं, लेकिन मैं लोगों को मारना नहीं चाहता। अगर समझौता हो जाता है तो बहुत-सी जानें बच जाएंगी। देखते हैं बातचीत का क्या नतीजा निकलता है। ट्रम्प के मुताबिक, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान के साथ हुई कूटनीतिक बातचीत के बाद उन्होंने ईरान पर प्रस्तावित बड़ा हमला टाल दिया। उन्होंने दावा किया कि बातचीत में होर्मुज स्ट्रेट और ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी। हालांकि, ईरान ने ट्रम्प के कई दावों से इनकार किया है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अभी कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है।

### संसद मार्च में बर्बरता- सुप्रीम कोर्ट में आज फिर सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई करने वाला है, जिनमें 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया गया है। केस सीजेआई सूर्यकांत की बेंच में लिस्ट किया गया है। गौरतलब है कि परीक्षाओं में गड़बड़ी और नीट पेपर लीक के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध प्रदर्शन 36 दिन तक चला था। 25 जुलाई को धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद यह प्रदर्शन खत्म कर दिया गया था। बेंच प्रदर्शनकारियों और पैलेट गन से घायलों के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में एक एसआईटी बना सकती है। कोर्ट यह भी पता लगाने की कोशिश कर सकता है कि पुलिसकर्मियों पर हमले छात्रों ने किए थे या छात्रों की भीड़ में घुस आए शरारती तत्वों ने।

### पुलवामा-बारामूला से आतंकियों के 2 ओवर ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

**बारामूला।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला और पुलवामा जिलों में आतंकवादियों के दो ओवरग्राउंड वर्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। बारामूला के शीरी इलाके में गोरीवान में बनाए गए एक मोबाइल व्हीकल चेकपॉइंट पर पुलिस, सेना और पैरामिलिट्री फोर्स की एक संयुक्त टीम ने एजाज अहमद गनी को पकड़ा। सुरक्षा बलों ने उसके पास से एक पिस्तौल, 10 ज़िंदा कारतूस (9) वाली एक मैगजीन और एक मोबाइल फोन बरामद किया। एक दूसरे ऑपरेशन में, सुरक्षा बलों ने चेकिंग के दौरान पुलवामा के राजपोरा इलाके में एक ओजीडब्ल्यू को गिरफ़्तार किया।

### पहले आतंक का ढांचा खत्म करे पाकिस्तान, तभी सिंधु जल संधि पर बात होगी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान पर हमला बोला है। क्वात्रा ने कहा कि सिंधु जल संधि 'सद्भावना और मित्रता' की भावना से हुई थी, लेकिन पाकिस्तान ने पिछले 50 वर्षों में इसी भरोसे को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान भारत से किसी भी मुद्दे पर सहयोग चाहता है, तो सबसे पहले उसे अपने यहां मौजूद आतंकवाद का ढांचा खत्म करना होगा। क्वात्रा ने कहा कि भारत ने हमेशा संधि का सम्मान किया, लेकिन पाकिस्तान ने 1965, 1971 और 1999 की जंग, संसद हमला, 26/11 मुंबई, उरी, पठानकोट, पुलवामा और पहलगाम जैसे आतंकी हमलों से रिश्तों को लगातार नुकसान पहुंचाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने भारत की जलविद्युत परियोजनाओं में भी अड़चनें डालीं और संधि में बदलाव की हर कोशिश का विरोध किया।

### 2030 तक भारत की डेटा सेंटर क्षमता तीन गुना बढ़ सकती है

**नई दिल्ली।** भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग के बीच डेटा सेंटर उद्योग तेज विस्तार की ओर बढ़ रहा है। एक्सिस कैपिटल की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2030 तक देश की डेटा सेंटर क्षमता बढ़कर लगभग 3 से 3.6 गीगावाट तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वृद्धि की सबसे बड़ी ताकत हाइपरस्केलर कंपनियां और एआई आधारित क्लाउड सेवाएं होंगी, हालांकि बिजली आपूर्ति, उपकरणों की उपलब्धता और परियोजनाओं के क्रियान्वयन जैसी चुनौतियां घोषित लक्ष्यों को प्रभावित कर सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में भारत की स्थापित डेटा सेंटर क्षमता लगभग 1.3 से 1.4 गीगावाट है।

### ग्रीस में आग बुझाने गए 2 हेलिकॉप्टर हवा में टकराए, 2-2 लोग सवार थे

**एथेंस।** ग्रीस की राजधानी एथेंस के पास जंगल की आग बुझाने के दौरान रविवार को 2 फायरफाइटिंग हेलिकॉप्टर हवा में टकरा गए। हादसा पोर्टो जर्मेनी इलाके में हुआ। टक्कर के बाद एक हेलिकॉप्टर जमीन पर गिर गया। फायर विभाग के मुताबिक, दोनों हेलिकॉप्टरों में 2-2 लोग सवार थे। उनकी तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अभी तक उनके बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। ग्रीस में तेज हवाओं के कारण जंगल की आग तेजी से फैल रही है। एथेंस के आसपास कई इलाकों में आग पहुंचने के बाद लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है।

### सावन के पहले सोमवार पर उज्जैन में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

# महाकाल मंदिर में 1.10 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

## पंचामृत से भगवान का अभिषेक और भस्म आरती हुई, कर्मचारियों की छुट्टियां एक माह निरस्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सावन के पहले सोमवार पर मध्य प्रदेश के प्रमुख शिवधामों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर से लेकर खजुराहो के मतंगेश्वर महादेव, कुंडेश्वर, बांदकपुर जागेश्वर धाम समेत प्रदेशभर के शिवालयों में तड़के 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं।

कहीं ब्रह्म मुहूर्त में जलाभिषेक हुआ तो कहीं लोक परंपराओं के साथ भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की गई। भारी भीड़ को देखते हुए मंदिरों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और यातायात डायवर्जन की व्यवस्था की गई है।



उज्जैन में बदले समय पर भस्म आरती हुई। भगवान महाकाल का जलाभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। भांग, चंदन, ड्राय फ्रूट और आभूषणों से बाबा महाकाल का राजाधिराज स्वरूप में दिव्य श्रृंगार किया गया।

भगवान गणेश, माता पार्वती और भगवान कार्तिकेय का पूजन कर महाकाल को फल एवं मिष्ठान का भोग लगाया गया और नैवेद्य अर्पित किया गया। महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई।

भस्म आरती में शामिल श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। मान्यता है कि भस्म अर्पण के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार रूप में दर्शन देते हैं। इस दौरान पूरा मंदिर भगवान महाकाल के जयकारों से गूंज उठा।

दूसरी ओर बाबा ओंकारेश्वर-ममलेश्वर की की सवारी भी आज दोपहर को निकलेगी। महाकाल मंदिर में सबसे पहले सभा मंडप में वीरभद्रजी के कान में स्वस्तिवाचन कर घंटी बजाई गई और भगवान से आज्ञा लेने के बाद सभा मंडप के चांदी के पट खोले गए। इसके बाद गर्भगृह के पट खोलकर पुजारियों ने भगवान का श्रृंगार उतारा तथा पंचामृत पूजन के बाद कर्पूर आरती की। नंदी हाल के चांदी के पट भी खोले गए, जहां नंदीजी का स्नान, ध्यान और पूजन संपन्न हुआ।

सावन के पहले सोमवार पर उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में अब तक करीब 1 लाख 10 हजार श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। भारी भीड़ के बावजूद दर्शन व्यवस्था सुचारु रही और श्रद्धालुओं ने 20 से 25 मिनट में सुलभ दर्शन होने पर मंदिर प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की। भीड़ प्रबंधन को देखते हुए पुलिस ने हरी फाटक, महाकाल चौराहा, शक्ति पथ और हरसिद्धि मार्ग तक ऑटो, ई-रिक्शा और फोर व्हीलर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। महाकाल मंदिर के निर्गम द्वार से दर्शन के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु लगातार बाहर निकलते रहे, जबकि पूरा क्षेत्र शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

### सभी कर्मचारियों की छुट्टियां एक माह निरस्त

- श्रावण-भादौ मास में बढ़ने वाली श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए महाकाल मंदिर समिति ने विशेष व्यवस्थाएं लागू की हैं। भस्म आरती में अनुमति प्राप्त श्रद्धालुओं के साथ-साथ जिन भक्तों को अनुमति नहीं मिल सकी, उनके लिए चलित भस्म आरती दर्शन की व्यवस्था भी की गई, जहां सुबह से ही भारी भीड़ रही।
- महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए मंदिर के सभी कर्मचारियों की एक माह तक की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।
- इसी को देखते हुए मंदिर से लेकर हरिफाटक ब्रिज तक संकेतक लगाए गए हैं, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासन का अनुमान है कि इस वर्ष श्रावण-भादौ माह में करीब दो करोड़ श्रद्धालु उज्जैन पहुंच सकते हैं।

### इंदौर के निजी अस्पताल में चल रहा था उपचार


# पूर्व मंत्री पारस जैन का निधन

## भाजपा और मध्य प्रदेश की राजनीति को अपूरणीय क्षति, उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में शोक की लहर, दोपहर 3 बजे निकाली जाएगी अंतिम यात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन/इंदौर

मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक रहे वरिष्ठ भाजपा नेता पारस जैन का सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और इंदौर के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। हाल के दिनों में उनकी तबीयत लगातार गंभीर बनी हुई थी। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन का समाचार मिलते ही उज्जैन सहित पूरे मध्य प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई।

पारस जैन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ और लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते थे। उन्होंने लंबे समय तक सक्रिय राजनीति में रहकर प्रदेश और विशेष रूप से उज्जैन के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे कई बार उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए विधानसभा पहुंचे और मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। अपने शांत, सरल और मिलनसार स्वभाव के कारण वे सभी दलों के नेताओं तथा आम नागरिकों के बीच सम्मानित थे।



राजनीतिक जीवन के दौरान उन्होंने सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, धार्मिक पर्यटन और नगरीय विकास जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। महाकाल की नगरी उज्जैन के विकास और धार्मिक महत्व को बढ़ाने के लिए भी उन्होंने विभिन्न स्तरों पर सक्रिय भूमिका निभाई। जनसंपर्क और जनता की समस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता उनकी पहचान रही। उनके निधन की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों में शोक की लहर फैल गई। दोपहर 3 बजे अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि पारस जैन का सार्वजनिक जीवन जनसेवा, संगठन के प्रति समर्पण और सादगी का उत्कृष्ट उदाहरण था। उन्होंने अपना पूरा राजनीतिक जीवन जनता की सेवा और संगठन को मजबूत बनाने में समर्पित किया। उनके निधन से भाजपा ने एक अनुभवी, कर्मठ और लोकप्रिय नेता को खो दिया है।

- उज्जैन शहर में उनके निधन की खबर के बाद शोक का माहौल है। उनके निवास पर समर्थकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के लोगों का पहुंचना लगातार जारी है। लोग उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।
- पारस जैन का निधन केवल भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के सार्वजनिक जीवन के लिए भी एक बड़ी क्षति माना जा रहा है। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, जनसेवा के प्रति समर्पण और सहज व्यक्तित्व को हमेशा याद किया जाएगा।

### केरल में बारिश का कहर, आठ की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तिरुवनंतपुरम

केरल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। राज्य के कई जिलों में बाढ़, भूस्खलन और जलभराव की घटनाओं के बीच स्थिति गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में भारी बारिश से जुड़ी घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो चुकी है, 13 लोग घायल हुए हैं और आठ अन्य अब भी लापता हैं। राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है, जबकि हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी रखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार राज्य में बारिश से अब तक 27 मकान पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं, जबकि 196 मकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। प्रभावित परिवारों की सुरक्षा के लिए विभिन्न जिलों में 209 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जहां 5,792 लोगों को अस्थायी रूप से ठहराया गया है। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है और जिला प्रशासन को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# नीट-यूजी: एक ही शिफ्ट में पेपर, घर के पास सेंटर

## पेपर लीक से सबक- पेपर-एनटीए के दफ्तर की चौबीस घंटे सुरक्षा; 7.5 करोड़ का टेंडर जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के लिए कई बड़े सुधारों की घोषणा की है। इसमें परीक्षार्थियों की यात्रा और परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं।

इस बार परीक्षा 30 अगस्त को होनी है। इसके लिए 2.73 लाख उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जो पिछले साल की तुलना में 12.5% ज्यादा है। परीक्षा देशभर के 340 शहरों के लगभग 1300 सेंटर्स पर होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक से सबक लेते हुए परीक्षा के पूरे इकोसिस्टम की सुरक्षा पुख्ता करना शुरू कर दिया है। इसके लिए 7.5 करोड़ का टेंडर जारी किया है। इसमें एनटीए मुख्यालय समेत संवेदनशील जगहों पर 24 घंटे सिक्योरिटी दी जाएगी। यह टेंडर 25 जुलाई को जारी हुआ है। 17 अगस्त को बोलियां खोली जाएंगी। जो भी एजेंसी नियुक्त होगी, उसे दो साल काम मिलेगा।

### फिंगर प्रिंट नहीं मिले तो आंखों की पुतली स्कैन कर देंगे एंट्री

**आधार की जांच:** आवेदन और एग्जाम के दिन आधार आधारित वैरिफिकेशन होगा। बायोमीट्रिक जांच होगी। इसके लिए छात्रों को 2-3 घंटे पहले सेंटर पहुंचना होगा। फिंगरप्रिंट न मिलने पर आईरिस (आंखों की पुतली) स्कैन की जाएगी।

**एकस्ट्रा सिक्योरिटी:** 60,000 से ज्यादा कर्मियों की तैनाती, सीसीटीवी, सिग्नल जैमर और स्वतंत्र पर्यवेक्षक लाइव निगरानी करेंगे।

**क्वेश्चनर पेपर:** परीक्षा के कुल 210 मिनट (3 घंटे 30 मिनट) को अलग-अलग सेक्शन (ए, बी, सी) में बांटा है। हर सेक्शन को हल करने के लिए समय मिलेगा। एक बार सेक्शन सबमिट होने या उसका समय समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी उस पर वापस नहीं लौट सकेंगे।

**नेगेटिव मार्किंग:** प्रत्येक सही उत्तर के लिए +4 नंबर दिए जाएंगे, जबकि प्रत्येक गलत उत्तर पर -1 नंबर (25% नेगेटिव मार्किंग) काटा जाएगा। जिन प्रश्नों का जवाब नहीं दिया, उनके लिए 0 नंबर होगा।

**इमरजेंसी:** यदि किसी केंद्र पर तकनीकी खराबी या सर्वर समस्या के कारण इमरजेंसी स्थिति बनती है, तो त्वरित बैकअप व्यवस्था की जाएगी।

## यूपी मानसून सत्र- राममंदिर चढ़ावा चोरी पर घेरेगी सपा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। सपा-कांग्रेस ने अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी, नीट पेपर लीक और पेट्रोल में 20 फीसदी एथेनॉल मिलावट के मुद्दे पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। सीएम योगी सदन में इन मुद्दों पर विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करने की कोशिश करेंगे।

विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार को होगा। रणनीति के अनुसार, सपा विधायक सदन शुरू होने से पहले विधानसभा परिसर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करेंगे। विधानसभा में सोमवार को आजमगढ़ की निजामाबाद सीट से सपा विधायक आलम बदी के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा जाएगा।

सीएम योगी, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कांग्रेस नेता अराधना मिश्रा मोना सहित सभी दलीय नेता शोक प्रस्ताव पर बोलेंगे। उसके बाद आलम बदी की आत्मा शांति के लिए दो मिनट मौन रखा जाएगा। फिर सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित की जाएगी, लेकिन विधान परिषद की कार्यवाही सोमवार को जारी रहेगी। मंगलवार को प्रश्नकाल के बाद संसदीय कार्य और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना वित्तीय 2026-27 का पहला अनुपूरक बजट पेश करेंगे। संभल दंगों की जांच के लिए गठित न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट पेश की जाएगी।

### उपचुनाव नतीजे-भाजपा अध्यक्ष की बांकीपुर सीट से प्रशांत किशोर आगे

## मप्र के दतिया और गुजरात के मंजलपुर में बीजेपी को बढ़त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली/भोपाल

बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर 30 जुलाई को हुए उपचुनावों की काउंटिंग जारी है। बिहार के बांकीपुर में शुरूआती रुझानों में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर 1161 वोटों से बढ़त बनाए हुए हैं। मध्य प्रदेश के दतिया और गुजरात के मंजलपुर में भाजपा उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। बांकीपुर सीट भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की पारंपरिक सीट मानी जाती है। वे इस सीट से लगातार 5 चुनाव जीते हैं। उनके राज्यसभा जाने के बाद यहां उपचुनाव हो रहा है। दो राउंड की गिनती के बाद प्रशांत किशोर को 3795 वोट मिले हैं। भाजपा के नीरज कुमार को 2634 वोट मिले हैं और वे 1161वोटों से पीछे हैं। दतिया में तीसरे राउंड की गिनती के बाद भाजपा के आशुतोष तिवारी सिर्फ 192 वोटों से आगे चल रहे हैं। गुजरात के मंजलपुर में भाजपा के सतीश पटेल 9877 वोटों से आगे चल रहे हैं। उन्हें 15981 वोट मिले हैं। कांग्रेस के भिखाभाई रबारी को 6104 वोट मिले हैं।



### खैबर पख्तूनख्वा में युवक ने थाने में जाकर ब्लास्ट किया, 22 लोग घायल


# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, 8 पुलिसकर्मियों समेत 14 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में रविवार को एक पुलिस स्टेशन के बाहर आत्मघाती हमला हुआ। इसमें 8 पुलिसकर्मी समेत 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमले के समय पास के काबल चौक पर आतंकवाद के खिलाफ शांति रैली चल रही थी। स्वात के जिला पुलिस अधिकारी उमर खान के ने बताया कि इसी दौरान एक युवक काबल पुलिस स्टेशन के गेट पर पहुंचा।

पुलिस वालों ने उसे रोककर तलाशी लेने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुका। इससे पहले पुलिस हरकत में आती, युवक को खुद को ब्लास्ट कर दिया। फिलहाल किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस हाई अलर्ट पर है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को सील कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।





### लोग आतंकवाद के खिलाफ रैली निकाल रहे थे

- धमाके से पहले रविवार को कई लोग आतंकवाद के खिलाफ शांति रैली निकाल जा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्वात में बढ़ रही आतंकवादी घटनाओं की निंदा की।
- डॉन के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनके आंदोलन का एक ही मकसद है, इलाके में शांति लौटाना और आतंकवाद का खात्मा करना।
- उन्होंने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है। अगर असुरक्षा का माहौल जारी रहा तो लोगों में बड़ा जनआक्रोश पैदा हो सकता है।
- प्रदर्शन में शामिल प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन शांतिपूर्ण नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करता है, जबकि स्वात के पहाड़ी इलाकों में आतंकवादी खुलेआम सक्रिय हैं।
- **पाक राष्ट्रपति जरदारी ने जांच के आदेश दिए-** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में लोगों की मौत पर दुख जताया। राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक, उन्होंने पूरे मामले की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए।

### खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री ने धमाके की निंदा की

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने घटना की निंदा करते हुए पुलिस महानिरीक्षक से रिपोर्ट की मांग की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, शांति के दुश्मनों को उनके नापाक इरादों में कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। वहीं, खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंडी ने भी धमाके की निंदा करते हुए मृतकों के प्रति शोक जताया। उन्होंने कहा, 'आतंकी कायराना हमलों से देश का मनोबल नहीं तोड़ सकते।'

### जुलाई में आतंकी हमलों में 154 मौतें हुईं

पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिली है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज की मासिक सुरक्षा रिपोर्ट के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी आई है।

# उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से हाईवे बंद, छत्तीसगढ़ में पुल टूटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सूरत

**यूपी में सड़कों पर नाव चली, बिहार-झारखंड में बिजली गिरने से 10 मौतें**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण यमुनोत्री नेशनल हाईवे कई जगहों पर बंद हो गया है। इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के चलते कई इलाकों में लैंडस्लाइड का खतरा बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश से बिलासपुर-रतनपुर-पेंड्रा मार्ग पर पुल दो हिस्सों में टूट गया। इसी दौरान पुल से गुजर रही एक यात्री बस बीच में फंस गई। पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बारिश से उत्तर प्रदेश में गंगा, घाघरा और शारदा समेत 10 नदियां उफान पर हैं। बिजनौर में गंगा का पानी 6 गांवों में घुस गया है, जिससे सड़कों पर नाव चल रही हैं। वहीं, रविवार को बिहार के बांका और झारखंड में अलग-अलग जगहों पर बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई।







दैनिक ब्रह्मास्त्र

रुद्राणां शङ्करश्चास्मि वित्तेशो यक्षरक्षसाम्।
वसूनां पावकश्चास्मि मेरुः शिखरिणामहम्॥
अर्थः मैं एकादश रुद्रों में शंकर हूँ और यक्ष तथा राक्षसों में धन का स्वामी कुबेर हूँ। मैं आठ वसुओं में अग्नि हूँ और शिखरवाले पर्वतों में सुमेरु पर्वत हूँ।

## खबर एक नजर...

### इंदौर के होटल में महिला ने की आत्महत्या, इलाज के लिए खंडवा से आई थी

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में महिला ने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। महिला का पोस्टमार्टम सोमवार को कराया जाएगा। खजराना पुलिस के मुताबिक, रेडिसन होटल के सामने स्थित व्यू होटल के एक कमरे में रविवार दोपहर 26 वर्षीय ताहिरा का शव मिला। ताहिरा मूल रूप से खंडवा की रहने वाली थी। उसके एक बेटा और एक बेटी हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह माइग्रेन (सिरदर्द) और अन्य स्वास्थ्य संबंधी उपचार के लिए इंदौर आई थी। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है।

### लव जिहाद...:पहले दोस्ती की; दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का दबाव, गिरफ्तार

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र में नाम बदलकर युवती से दोस्ती करने, शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के आरोप में पुलिस ने मोहम्मद बिलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। खजराना टीआई मनोज सेंधव ने बताया कि युवती की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। पीड़िता ने बताया कि वह पढ़ाई के लिए इंदौर आई थी। इसी दौरान सोशल मीडिया पर उसकी पहचान बिलाल से हुई। आरोप है कि उसने पहचान छिपाकर दोस्ती की, शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और बाद में धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले से दुष्कर्म का एक अन्य मामला भी दर्ज है।

### इंदौर से रिटायर्ड अफसर से 98 हजार रुपए की ठगी

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठग ने खुद को एमपीईबी का अधिकारी बताकर एक रिटायर्ड गैस प्लांट अधिकारी से फोन पर संपर्क किया और फोनपे पर कोड डलवाकर उनके बैंक खाते से ?98,560 निकाल लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, देवकरण मालवीय कैलिफोर्निया सिटी, भोपाल के रहने वाले हैं और गैस प्लांट से रिटायर हो चुके हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि 30 जुलाई 2026 को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को एमपीईबी का अधिकारी बताते हुए कहा कि बिजली बिल रामकन्या मालवीय के नाम से है, जिसे ऑनलाइन अपडेट करना होगा, नहीं तो बिल आना बंद हो जाएगा। ठग ने देवकरण मालवीय से फोनपे एप पर एक कोड डालने के लिए कहा। कोड डालते ही उनके इंडियन बैंक खाते से ?98,560 एक अज्ञात यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर हो गए। इसके बाद आरोपी ने कहा कि बिल अभी अपडेट नहीं हुआ है और एक दूसरा कोड डालकर उसे व्हाट्सएप के जरिए अपडेट करने को कहा। साथ ही भरोसा दिलाया कि खाते से कटे रुपए जल्द वापस आ जाएंगे।

### इंदौर में पिता के खिलाफ बेटी ने कराई एफआईआर

**इंदौर।** एमजी रोड थाना क्षेत्र में एक महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि पति के किसी अन्य महिला से संबंध थे और वह पत्नी पर मायके से रुपए लाने का दबाव बनाते हुए लगातार मारपीट और मानसिक प्रताड़ना करता था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान पति ने बेटी को मां से मिलने तक नहीं दिया। पुलिस के अनुसार सुदामा नगर निवासी तनु पाठक ने शिकायत में बताया कि उसकी मां अमिता पुरोहित ने 18 जुलाई को जहरीला पदार्थ खा लिया था। उन्हें इलाज के लिए सुयश अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अगले दिन उनकी मौत हो गई। तनु ने बताया कि घटना की जानकारी उसे चचेरे भाई के फोन से मिली।

### इंदौर में खाना खाने जा रही युवती का एक्सीडेंट, मौत

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के बायपास पर स्थित ब्रिज के नीचे शनिवार रात एक हादसे में युवती की मौत हो गई। घटना रात 11 बजे की है। उसके दोस्त उसे खून से लथपथ हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। रात 3 बजे युवती की मौत होने के बाद वे रात में ही शव छोड़कर चले गए। पुलिस ने बताया कि 29 वर्षीय साहिबा पिता मोहम्मद अफसर महालक्ष्मी नगर निवासी थी। रात में दोस्त अंकुर और सहज उसे लेकर एमवाय अस्पताल गए थे। सहज का कहना है कि साहिबा उसके दोस्त अंकुर की परिचित थी। हादसे की सूचना पर वह साथ आया है। साहिबा एक्टिवा गाड़ी से थी। पहले उसे गौरव अस्पताल पहुंचाया। यहां से दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई थी। इसके बाद एमवाय लेकर आए। दूसरी ओर, हादसे की सूचना मिलने के बाद भी भोपाल से उसके परिजन सुबह तक इंदौर नहीं पहुंचे हैं। भाई ने रात में ही इंदौर आने से मना कर दिया था। भोपाल की रहने वाली थी साहिबा वहीं, अंकुर ने बताया कि साहिबा मूल रूप से भोपाल की रहने वाली थी। दो साल से इंदौर में रहकर इवेंट का काम कर रही थी। रात में हम एक फार्म हाउस के पास ढाबे पर खाना खाने पहुंचे थे।

---

#### जेन-जी प्रदर्शन पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा- पीएम ने चैप्टर क्लोज कर दिया, जिन्होंने गाली दी वह माफी मांग रहे

# आंदोलन जरूरी, लेकिन मर्यादा नहीं टूटनी चाहिए

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के तहत रविवार को इंदौर के कृषि महाविद्यालय परिसर की ग्रीन बेल्ट में 15 हजार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जंतर-मंतर पर हुए जेन-जी आंदोलन को लेकर कहा कि आंदोलन जरूरी है, लेकिन हमारी मयार्दा नहीं लांघनी चाहिए।

विजयवर्गीय ने कहा, हमारे यहां बेटियों को सीता, गीता, गायत्री कहा जाता है। हर नवरात्रि में इनके पैरों की पूजा करते हैं। वही बेटी जेन-जी के मंच से देश के प्रधानमंत्री के लिए इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करे, जो मयार्दा के अनुकूल नहीं है। यह किसी को अच्छा नहीं लगा।



उन्होंने कहा कि आंदोलन करने का अधिकार सभी को है। मैंने जिंदगी में कई बार लड़ाइयां लड़ी हैं। लोकतंत्र में बोलने की स्वतंत्रता है, लेकिन मयार्दा का पालन करना चाहिए। पूरी दुनिया में भारत की साख 400-500 लोगों ने खराब की है। देश के प्रधानमंत्री का दिल देखिए, उन्होंने इन्हें माफ कर दिया। इसके बाद रो-रोकर उनके वीडियो आ रहे हैं कि हमें क्षमा करें, हम पूरे देश से माफी मांगते हैं।

**आंदोलन की एक मर्यादा होती है-** जंतर-मंतर पर जेन-जी के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा यह चैप्टर प्रधानमंत्री ने क्लोज कर दिया है। हर व्यक्ति को अपनी मयार्दा में रहना चाहिए। मर्यादा टूटती है तो लोगों का दिल टूटता है। हर व्यक्ति दुखी था। लोकतंत्र में आंदोलन करने का सभी को अधिकार है।

मैंने कई आंदोलन किए हैं, हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ी है, लेकिन आंदोलन की एक मर्यादा होती है। हम अपने माता-पिता से भी नाराज हो जाते हैं, लेकिन मर्यादा नहीं तोड़ते हैं।

पेड़ लगाने के अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि 21 लाख पेड़ लगाने का संकल्प पूरा होगा। शहर के अंदर 15 लाख पेड़ लगाए जा रहे हैं, जबकि पांच-छह लाख पेड़ ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को एक लाख पेड़ लगाने का संकल्प है, जिसमें राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री बीएल संतोष शामिल होंगे।

#### कभी सपना नहीं देखा था कि सरकार बनेगी

मंत्री विजयवर्गीय ने अपने राजनीतिक सफर को याद करते हुए कहा, जब हम शुरूआत में प्रचार करते थे, तब सपना भी नहीं आता था कि हमारी सरकार बनेगी या हम पार्षद भी बनेंगे। यह तो जनता का आशीर्वाद है कि जो पुलिस हमारे पीछे डंडा लेकर भागती थी, वह पुलिस अब हमारा दरवाजा भी खोलती है। उन्होंने कहा कि हमें बोलने का अधिकार है। एक बार एक नेता ने आपातकाल लगाकर लोगों के बोलने के अधिकार को छीन लिया था। देश की जनता ने उन्हें सबक दे दिया था।

#### सामाजिक समरसता के ताने-बाने को तोड़ने की कोशिश

वहीं मोलाना जर्सिस अंसारी द्वारा शिवलिंग पर की गई टिप्पणी को लेकर कहा कि यह मूर्ख लोग हैं। यह सामाजिक समरसता के ताने–बाने को तोड़ना चाहते हैं, इसलिए इस प्रकार के मूर्खतापूर्ण काम कर रहे हैं। हम इनके खिलाफ निश्चित रूप से कानूनी कार्रवाई करेंगे।

---

#### लीनियर एक्सीलेटर के लिए 6 माह का इंतजार

# कैंसर अस्पताल:20 हजार वाली पीईटी जांच 10 हजार रु. में होगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शासकीय कैंसर अस्पताल में अगले 1 से 2 महीने में मरीजों को ढएळ स्कैन सुविधा बाजार से आधे दाम पर मिलने लगेगी। वहीं, चिंता की बात यह है कि रेडिएशन थैरेपी की सबसे आधुनिक 43 करोड़ रुपए की लीनियर एक्सीलेटर मशीन आ तो रही है, लेकिन अस्पताल का सिविल वर्क अधूरा होने के कारण मरीजों को इसके इलाज के लिए कम से कम 6 महीने का इंतजार करना पड़ेगा।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार नई कैंसर बिल्डिंग में ढएळ स्कैन जांच सेवा पीपीपी (ढढढ) मॉडल पर शुरू की जा रही है। निजी अस्पतालों में जहां ढएळ स्कैन का खर्च लगभग 20,000 रुपए आता है, वहीं यहां मरीजों को यह सुविधा अनुमानित 10,000 रुपए में ही मिल जाएगी। प्राइवेट पार्टनर ने अपना सेटअप और फर्नीचर पूरी तरह तैयार कर लिया है।

जांच में लगने वाली विशेष डाई अहमदाबाद और अन्य बड़े शहरों से मंगवाई जाएगी।



लीनियर एक्सीलेटरः अधूरे निर्माण ने रोकी राह कैंसर के सटीक और आधुनिक इलाज के लिए लगने वाली 43 करोड़ की लीनियर एक्सीलेटर मशीन का ह्यबेस फ्रेमह्ण नीदरलैंड से इंदौर पहुंच चुका है।

इसे जमीन के भीतर फिट किया जाएगा और अगले हफ्ते एक्सपर्ट्स की टीम इसे इंस्टॉल करेगी। मशीन का मुख्य ह्यबंकरह्ण बनकर तैयार है, लेकिन इससे जुड़े आसपास के अन्य कक्षों का सिविल वर्क अधूरा है। निर्माण एजेंसी को 2 माह की मोहलत दी , जिससे मशीन चालू होने में अभी 6 महीने का समय लगेगा। वहीं, शहर के इस इकलौते सरकारी कैंसर अस्पताल में सालों से पुरानी ह्यकोबाल्ट मशीनह्ण से रेडिएशन दिया जा रहा है।

#### इसलिए जरूरी है पीईटी स्कैन

- **कैंसर का पता लगाने के लिए** : शरीर में कैंसर कहां है और किस जगह से शुरू हुआ है।
- **कैंसर की स्टेज जानने के लिए** : क्या कैंसर शरीर के बाकी हिस्सों या अंगों में फैल चुका है।
- **इलाज के असर को जांचने के लिए** : कीमोथैरेपी या रेडिएशन से कैंसर की गांठें छोटी हो रही हैं या नहीं।
- **कैंसर की वापसी** : इलाज पूरा होने के बाद कहीं कैंसर दोबारा तो नहीं पनप रहा।
- **हृदय की स्थिति** : दिल के किस हिस्से में खून का दौरा कम है या दिल की मांसपेशियां कितनी स्वस्थ हैं।
- **मस्तिष्क के विकार** : अल्जाइमर, मिर्गी, पार्किंसंस या दिमाग के ट्यूमर की सटीक पहचान के लिए।

---

#### सागर जा रही शराब की खेप पकड़ी

## इंदौर के बड़े गणपति चौराहे पर चेंकिग में रोकी थी गाड़ी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के मल्हारगंज थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान लाखों रुपए की शराब से भरा एक आयशर वाहन पकड़कर चालक को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शराब की खेप घाटा बिल्लौद स्थित ग्रेट गेलियन वेंचर्स लिमिटेड फैक्ट्री से सागर भेजी जा रही थी। हालांकि जांच के दौरान चालक परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद पुलिस ने आबकारी विभाग को सूचना देकर कार्रवाई शुरू की।

मल्हारगंज थाना प्रभारी नीरज बिरथरे ने बताया कि पुलिस टीम बड़े गणपति क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान आयशर वाहन को रोककर जांच की गई। चालक ने अपना नाम सुमित पुत्र मनमोहन सिंह गोर, निवासी रायसेन बताया। वाहन की तलाशी लेने पर विभिन्न ब्रांड की पेटियां शराब मिली।

पूछताछ में चालक ने बताया कि वह यह शराब घाटा बिल्लौद की फैक्ट्री से लेकर सागर में डिलीवरी देने जा रहा था। पुलिस ने अवैध शराब परिवहन का प्रकरण दर्ज कर कंपनी से भी संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में महाराष्ट्र के पुणे निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक पवन सिंह और उनकी बेटी खुशबू के साथ हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 19.50 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर और वारदात में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा बरामद किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में मेहबूब पुत्र अब्दुल हमीद निवासी बिजनौर (उत्तर प्रदेश), मोहम्मद रियाज पुत्र मोहम्मद यासीन, किशोर पुत्र ताराचंद जोशी, कमल पुत्र शंकर लोहार और कालू उर्फ जितेंद्र जोशी शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार गिरोह का मास्टरमाइंड मेहबूब है, जो पूरी वारदात की योजना बनाता था। उसके खिलाफ एरोड्रम, तेजाजी नगर और लसूड़िया थानों में 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

---

## जीतू पटवारी के घर जाने से पहले हेलमेट पहनें

### भाजपा का कांग्रेस पर तंज, कांग्रेसियों को दी 'सेल्फ डिफेंस किट' की सलाह

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निवास पर हुए विवाद की घटना को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक हमला बोला है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंह यादव ने तंज कसते हुए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि वे अब जीतू पटवारी के घर हेलमेट और सेल्फ डिफेंस किट पहनकर जाएं, ताकि किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

राकेश सिंह यादव ने जारी बयान में कहा कि हाल ही में हुई मारपीट की घटना से कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं को सबक लेना चाहिए। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि सभी कांग्रेसियों को तत्काल आत्मरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरण खरीद लेने चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सेल्फ डिफेंस किट में पेपर स्प्रे, पर्सनल अलार्म, सेल्फ डिफेंस स्टिक (बैटन) और की-चेन सुरक्षा उपकरण जैसे साधन शामिल होने चाहिए, ताकि आपात स्थिति में उनका उपयोग किया जा सके। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सलाह कांग्रेस कार्यकताओं के हित में दी जा रही है, जिससे वे जीतू पटवारी के घर पिटने से बच सके।




दरअसल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के इंदौर स्थित निवास पर हाल ही में आयोजित संगठनात्मक बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं के कथित विवाद और हंगामा हुआ था। बैठक में मौजूद कुछ नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की की खबरें सामने आने थी। यह भी पता चला था कि बैठक में कांग्रेस नेता पिंटू जोशी और नगर अध्यक्ष चिंटू चौकसे के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी घटनाक्रम को आधार बनाकर भाजपा ने कांग्रेस पर सियासी हमला बोलते हुए बयान जारी किया है।

---

#### चंदन नगर फ्लायओवर की बड़ी बाधा हुई दूर

# 3 करोड़ से शिफ्ट होंगी पाइपलाइन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

धार रोड के लाखों वाहन चालकों और रहवासियों के लिए राहत की बड़ी खबर है। लंबे समय से अटकी चंदन नगर फ्लायओवर परियोजना की सबसे बड़ी रुकावट दूर हो गई है। फ्लायओवर के प्रस्तावित अलाइनमेंट (रास्ते) के बीच आ रही पानी और सीवरेज की पाइपलाइनों को हटाने (यूटिलिटी शिफ्टिंग) के लिए नगर निगम ने टेंडर फाइनल कर दिया है।

इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने इस शिफ्टिंग कार्य के लिए नगर निगम को करीब 3 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करा दी है। अधिकारियों के मुताबिक, अगले 15 दिन में चयनित एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया जाएगा। चूंकि अभी मानसून का समय है, इसलिए पाइपलाइनों को शिफ्ट करने का मैदानी काम अगस्त के बाद (बारिश थमने पर) शुरू होगा।

सिंहस्थ से पहले काम पूरा करने का टारगेट आईडीए ने फ्लायओवर निर्माण के लिए एक वर्ष की समय सीमा तय की है। प्रशासन का मुख्य फोकस इस पूरे प्रोजेक्ट को सिंहस्थ से पहले मुकम्मल करने पर है, ताकि उज्जैन की ओर जाने वाले और वहां से आने वाले ट्रैफिक को सुगम रास्ता मिल सके। गौरतलब है कि आईडीए ने फ्लायओवर निर्माण के लिए निर्माण एजेंसी का चयन पिछले साल ही कर लिया था, लेकिन जमीन के नीचे बिछी पाइपलाइनों के कारण काम एक इंच भी आगे नहीं बढ़ पाया था। अब निगम के टेंडर फाइनल करने से काम शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है।

#### फ्लायओवर से ये फायदे होंगे

चंदन नगर चौराहा शहर के सबसे व्यस्त और पेचीदा जंक्शन्स में से एक है। इस फ्लायओवर के बनने से शहर के बड़े हिस्से को सीधा फायदा होगा।

**चार प्रमुख रास्तों का जाम होगा खत्म :** यह चौराहा धार रोड, सिरपुर रोड, रिंग रोड और आसपास की दर्जनों घनी कॉलोनियों के ट्रैफिक का मुख्य बिंदु है। फ्लायओवर बनने से चौराहे पर लगने वाला घंटों का जाम हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।

**धार-पीथमपुर जाने वालों का बचेगा समय:** इंदौर से धार, झाबुआ, अहमदाबाद और औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर की ओर रोज अप-डाउन करने वाले नौकरीपेशा और बिजनेसमैन को अब चंदन नगर की तंग गलियों और चौराहे के हैवी ट्रैफिक से नहीं जूझना पड़ेगा। वे सीधे शहर से बाहर निकल सकेंगे।

**स्थानीय रहवासियों को प्रदूषण से मुक्ति :** चौराहे पर गाड़ियों के रेंगने और रुकने से होने वाले भारी वायु और ध्वनि प्रदूषण से आसपास की कॉलोनियों के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

---

# विश्वविद्यालय परिसर में कथित राजनीतिक गतिविधियों की निष्पक्ष जांच की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर शहर कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष यश यादव ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति/कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय परिसर में हेल्प डेस्क के नाम पर संचालित कथित राजनीतिक गतिविधियों एवं सदस्यता अभियान की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

यश यादव ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो के माध्यम से यह जानकारी सामने आई है कि विश्वविद्यालय परिसर में हेल्प डेस्क के नाम पर छात्रों से सदस्यता करवाई जा रही है तथा शैक्षणिक काउंसलिंग के साथ राजनीतिक गतिविधियों का भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।



यदि वीडियो में दिखाई गई जानकारी सत्य पाई जाती है, तो यह विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थान की गरिमा एवं निष्पक्ष शैक्षणिक वातावरण के लिए गंभीर विषय है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर छात्रों के अध्ययन, शोध एवं व्यक्तित्व विकास का केंद्र है। ऐसे परिसर में किसी भी प्रकार की राजनीतिक सदस्यता, प्रचार या संगठनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों की शिक्षा एवं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को प्रभावित कर सकती हैं।

कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए। यदि जांच में कोई व्यक्ति या संगठन विश्वविद्यालय परिसर का उपयोग राजनीतिक सदस्यता अभियान अथवा राजनीतिक गतिविधियों के लिए करता हुआ पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध विश्वविद्यालय के नियमों एवं प्रचलित विधिक प्रावधानों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाए।

यश यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षा के पवित्र वातावरण एवं विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

# बृजभूषण सिंह महिला पहलवान यौन शोषण केस में बरी

## दिल्ली कोर्ट ने फैसला सुनाया, पूर्व सांसद बोले- मेरे खिलाफ साजिश हुई थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गोंडा

दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को महिला पहलवानों से जुड़े यौन शोषण मामले में भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह को बरी कर दिया। सुनवाई के दौरान कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व सचिव विनोद तोमर कोर्ट में मौजूद रहे।

2 जुलाई 2026 को दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामला जनवरी 2023 में सामने आया था। तब से लेकर अब तक कुल 1133 दिनों में 127 सुनवाई हुईं। फैसला एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अश्वनी पंवार ने सुनाया। बृजभूषण 20 जुलाई 2023 से नियमित जमानत पर थे। 10 मई 2024 को अदालत ने दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के आधार पर आरोप तय किए थे, जिसके बाद ट्रायल शुरू हुआ था।

फैसले के बाद बृजभूषण का पहला बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा- जज ने ये कहा कि बृजभूषण और विनोद तोमर आप लोगों को बाइज्जत बरी किया जाता है। मैंने पहले कहा था कि अगर कोई आरोप साबित हो जाएगा तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। मेरे लिए खुशी का दिन है। कोर्ट की कॉपी मिलने के बाद आगे कहूंगा। विधायक बेटा और दामाद हैं। सब आए हैं।



### नाबालिग पहलवान ने वापस ले लिए थे आरोप


दरअसल, मई 2023 में सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद पुलिस ने बीजेपी के पूर्व सांसद बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। 6 खिलाड़ियों ने शिकायत दर्ज कराई थी। एक नाबालिग पहलवान ने बाद में अपनी शिकायत वापस ले ली और बयान बदल दिया था। आरोप तय करने पर सुनवाई के दौरान बृजभूषण सिंह ने कहा था कि मामला झूठा और प्रेरित है।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, दो दोस्तों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम के करमदी रोड फोरलेन पर रविवार रात स्ट्रीट लाइट बंद होने से बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे बाइक पर सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों दोस्त करमदी गांव से रतलाम अपने घर लौट रहे थे। सिर फटने और अंदरूनी चोट आने से दोनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक दोस्तों का पोस्टमार्टम सोमवार सुबह मेडिकल कॉलेज में होगा। हादसा रात करीब 10 बजे के आसपास करमदी फोरलेन स्थित एचपी के पेट्रोल पंप के पास हुआ। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीनगर निवासी केशव (20) पिता नूतन परिहार मोहल्ले में ही रहने वाले दोस्त शोएब उर्फ शाहिद (25) पिता राजा के साथ बाइक से करमदी से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। करमदी से एक किमी आगे एचपी पेट्रोल पंप के पहुंचे तो वहां अंधेरा होने से बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे दोनों गंभीर घायल हो गए। सड़क पर खून फैल गया।




घर में जहरीले जीवों को
दूर भगाने वाले पौधे
तुलसी
मच्छर / कीडे
सर्पगंधा
सांप
मेंदा
सांप / कीडे
लैवेंडर
मच्छर / पतंगे
पुदीना
चुहा / चीटिया
dakshnursery
लेमन ग्रास
मच्छर
रोजमेरी
मच्छर / मक्खी
नीम
कीडे / मच्छर
लहसुन
सांप / कीडे
अजवायन
चीटियां / कीडे

स्वदेशी जागरण मंच

स्वावलंबी भारत अभियान

MySBA

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबेल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, फ्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉडर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅंगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थम्सअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्ति भोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंलैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झूड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिंगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |

■ वर्ष-12 अंक-271 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

पवन: पवतामस्मि राम: शस्त्रभृतामहम्।
झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी॥

**भावार्थ** : मैं पवित्र करने वालों में वायु और शस्त्रधारियों में श्रीराम हूँ तथा मछलियों में मगर हूँ और नदियों में श्री भागीरथी गंगाजी हूँ।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 03 अगस्त, 2026

महषीर्णां भृगुरहं गिरामस्म्येकमक्षरम्।
यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि स्थावराणां हिमालयः॥

**भावार्थ** : मैं महर्षियों में भृगु और शब्दों में एक अक्षर अर्थात् ओंकार हूँ। सब प्रकार के यज्ञों में जपयज्ञ और स्थिर रहने वालों में हिमालय पहाड़ हूँ।

## गुजरातस्य ड्यूमाससमुद्रतटः ७ अगस्तपर्यन्तं बन्दः अभवत्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सूरत

गुजरातदेशे निरन्तरं प्रचण्डवृष्टेः मध्यं डुमाससमुद्रतटं-सूरतनगरस्य लोकप्रियं पर्यटनस्थलं-७ अगस्तपर्यन्तं जनसामान्यस्य कृते बन्दं स्थापयितुं निर्णयः कृतः अस्ति। यद्यपि प्रारम्भे एषः प्रतिबन्धः ३१ जुलैपर्यन्तं प्रवर्तते स्म, तथापि सूरतपुलिसः प्रतिकूलमौसमस्य स्थितिः, सुरक्षाचिन्तानां च कारणात् एकसप्ताहं यावत् अवधिं विस्तारितवान् अस्ति। प्रशासनेन जनसमूहेन प्रतिबन्धस्य अनुपालनं कृत्वा समुद्रतटस्य भ्रमणं परिहरितुं आग्रहः कृतः। म.वि. डुमासपुलिसस्थानकस्य पुलिसनिरीक्षकः पटेलः अवदत् यत् सूरतनगरे निरन्तरं प्रचण्डवृष्टिं दृष्ट्वा समुद्रतटे पर्यटकानाम् सुरक्षां सुनिश्चित्य एषः निर्णयः कृतः।

## सम्पादकीयम्

### एतादृशानां समूहदबावानां

तस्य विपरीतम्, धनिनः नागरिकसंस्थानां वित्तपोषणं कुर्वन्ति तथा च नवीनतायाः पोषणं विविधदृष्टिकोणानां प्रवर्धनं च महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहन्ति, येन कस्यापि एकस्य समूहस्य वैचारिकं वर्चस्वं स्थापयितुं न शक्यते वैचारिकवैविध्ये बलम् मैक्गिनिस् टिप्पणीं करोति यत् धनिनां परोपकारी स्वभावेन अनेकेषु राष्ट्रेषु कला, शिक्षा, नागरिकसमाजस्य च प्रगतिः अभवत्। सः उदाहरणरूपेण टेक उद्योगस्य दिग्गजान् उद्धृत्य तेषां निर्मिताः मञ्चाः सूचनानां लोकतान्त्रिकीकरणे महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहन्ति इति दावान् करोति। सः लिखति यत् अमेरिका इत्यादिषु देशेषु नीतयः प्रायः जनमतस्य, लॉबिंग्, नौकरशाही च दबावस्य अधीनाः भवन्ति तथापि धनिनः एतादृशानां समूहदबावानां ऋणी न भवन्ति फलतः ते सम्यक इति मन्यमाणानां कारणानां समर्थनं कर्तुं स्वतन्त्राः सन्ति। परन्तु मैक्गिनिस् इत्यनेन एतदपि स्वीकारणीयम् आसीत् यत् धनिनः कदाचित् राष्ट्रपतिपदस्य उम्मीदवारानाम् वित्तपोषणं कृत्वा स्वस्य कार्यसूचनानुसारं अमेरिकीनीतीः आकारयन्ति। ते बहुधा मुख्यतया स्वस्य लाभाय नीतीनां वकालतम् कुर्वन्ति, सर्वेभ्यः अपि स्वहितं प्राथमिकताम् अददात्।

विश्वासः निगरानीयं पारदर्शितां च वर्धयति

## राममन्दिरस्य प्रसादेषु कथितानां अनियमितानां अन्वेषणं अन्तिमपदे गच्छति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अयोध्या



अयोध्यानगरस्य श्रीरामजन्मभूमिमन्दिरं भक्तैः कृतं दानं, प्रसादं च विषये कथिता अनियमितानां अन्वेषणं अन्तिमपदे प्राप्तम् अस्ति। श्री रामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यासस्य सदस्यः महन्तदिनेन्द्रदासः शनिवासरे अवदत् यत् सोना, रजत, अन्ये च बहुमूल्यं प्रसादं सम्बद्धानां कथितानां विसंगतानां जाँचः तीव्रगत्या प्रचलति, यत्र नियुक्तः अन्वेषणदलः मन्दिरपरिसरस्य अन्तः प्रासंगिकव्यक्तिभ्यः प्रश्नं कुर्वन् अस्ति। न्यासस्य मतं यत् सम्पूर्णप्रक्रिया पारदर्शी इति सुनिश्चित्य व्यापकनिरीक्षणव्यवस्था कार्यान्विता अस्ति, येन भविष्ये अनियमिततायाः कोऽपि सम्भावना समाप्तः भवति।

महन्थ दिनेन्द्र दासः उक्तवान् यत् मन्दिरे भक्तानां कृते दर्शनं, पूजा, नित्यं धार्मिककर्म च सम्पूर्णतया यथासाधारणं निरन्तरं प्रचलति। सः अवलोकितवान् यत् आरती, पूजा, इत्यादयः धार्मिककार्यक्रमाः वैष्णवपरम्परानुसारं निर्धारितसमये क्रियन्ते, तस्य अन्वेषणस्य धार्मिकक्रियाकलापयोः कोऽपि प्रभावः न अभवत्।

सः संसदे अद्यतनघटनायाः विषये अपि न्यासस्य आक्षेपं प्रकटितवान् यत्र भगवान् रामलल्लस्य छायाचित्रं तलस्य उपरि स्थापितं इति कथ्यते। एतत् कोटि-कोटि-भक्तानाम् धार्मिक-भावना-सम्बद्धं विषयं वर्णयन् महन्तदासः सर्वेभ्यः संसदसदस्येभ्यः आस्था-धर्म-प्रतीक-विषयेषु आदरं कर्तुं आह्वानं कृतवान्।

कतिपयदिनानि पूर्वं राममन्दिरन्यासेन दानस्य संग्रहणं गणनाप्रक्रिया च पूर्वापेक्षया अधिका पारदर्शी सुरक्षिता च कर्तुं नूतना व्यवस्था कार्यान्विता। न्यासस्य अनुसारं सम्पूर्णा प्रक्रिया-दानपेटिकाः उद्घाट्य गणनाकक्षं प्रति परिवहनात् आरभ्य पेटीनां वास्तविकगणना, सीलीकरणं, पुनः स्थापना च-अधुना निरन्तरं विडियो-रिकार्ड् क्रियते। अस्य कृते आधुनिकप्रौद्योगिक्याः उपयोगः क्रियते यत् प्रत्येकस्य मञ्चस्य डिजिटल-अभिलेखः निर्वाहितः भवति।

न्यासेन सूचितं यत् यदा नूतना व्यवस्था २५ जुलै दिनाङ्के प्रवर्तते तदा प्रत्येकं कार्याणि नित्यं निगरानीयानि सन्ति। पूर्वं यथा कृतं तथा सर्वाणि दानपेटिकाः एकदा एव रिक्तं कर्तुं स्थाने अधुना भिन्नदिनेषु उद्घाटिताः भवन्ति। एतेन प्रत्येकस्य पेटीयाः पृथक निरीक्षणं सत्यापनञ्च भवति, येन सम्पूर्णा प्रक्रिया अधिका व्यवस्थिता भवति। नूतनव्यवस्थायाः अन्तर्गतं अष्टसदस्यीयविशेषनिरीक्षणदलस्य गठनं कृतम् अस्ति। अस्मिन् दले बैंकाधिकारिणः, न्यासप्रतिनिधिः, निजीसुरक्षाकर्मचारिणः, अन्ये अधिकृतकर्मचारिणः च सन्ति। दानस्य संग्रहणस्य गणनाप्रक्रियायाः प्रत्येकं चरणस्य निरीक्षणं, सम्भाव्यं अनियमिततां तत्क्षणमेव निवारयितुं च दलस्य उद्देश्यम् अस्ति।

दानस्य गणनाकक्षे अतिरिक्तानि सीसीटीवी-कैमराणि स्थापितानि सन्ति, यदा तु सम्पूर्णप्रक्रियायाः अभिलेखनार्थं व्यावसायिक-वीडियोग्राफरद्वयं, ३६०-डिग्री-कैमराणि च नियोजितानि सन्ति न्यासस्य कथनमस्ति यत् एषा प्रौद्योगिकीनिगरानी पारदर्शितां वर्धयिष्यति तथा च भविष्ये कस्यापि विवादस्य सन्दर्भे विडियो अभिलेखाः महत्त्वपूर्णसाक्ष्यरूपेण कार्यं कुर्वन्ति इति सुनिश्चितं करिष्यति।

एकदा दानपेटिकाः गणनाकक्षं प्रति परिवहनं कृत्वा भारतीयराज्यबैङ्कस्य अधिकारिणः सीलीकरणस्य सत्यापनस्य च प्रक्रियां सम्पन्नं कुर्वन्ति। बैंकाधिकारिणां उपस्थितिः वित्तीयप्रक्रियायाः विश्वसनीयतां उत्तरदायित्वं च सुनिश्चितं कर्तुं उद्दिश्यते।

उल्लेखनीयं यत् मन्दिरे भक्तैः कृतानां दानस्य बहुमूल्यं अर्पणस्य च कथितस्य सूचनायाः अनन्तरं कतिपयानि सप्ताहाणि पूर्वं विशेषानुसन्धानदलस्य गठनं कृतम्।

पञ्जाबः अन्तर्राष्ट्रीय मादकद्रव्य

## तस्करीवलयस्य पदार्पणः १,१६० कोटिरूप्यकाणां मालस्य जप्तम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जालन्धर

कनाडा-अमेरिका-देशयोः सुरक्षासंस्थाः संयुक्तकार्यक्रमस्य भागरूपेण अन्तर्राष्ट्रीयमादकद्रव्यतस्करीजालस्य खण्डनं कृतवन्तः। अस्मिन् अभियाने प्रायः १.७ टन अवैधमादकद्रव्याणि जप्ताः, यस्य मूल्यं १,१६० कोटिभ्यः अधिकम् अस्ति। अस्मिन् प्रकरणे कुलम् २१ व्यक्तिः गृहीताः सन्ति, येषु १३ पंजाबीमूलस्य जनाः अपि सन्ति।

अन्वेषणसंस्थानां अनुसारं वाणिज्यिकवाहनक्षेत्रस्य अन्तः दलालशैल्याः जालपुटं स्थापितं आसीत्। अभियुक्ताः अन्तर्राष्ट्रीयसीमानां पारं कोकेन् इत्यादीनां प्रतिबन्धितमादकद्रव्याणां तस्करीं कर्तुं वैधरसदस्य, आपूर्तिशृङ्खलानां च शोषणं कृतवन्तः। विन्डसरपुलिससेवाद्वारा २०२५ तमस्य वर्षस्य जनवरीमासे अस्य अन्वेषणस्य आरम्भः कृतः।

कनाडा सीमासेवा एजेन्सी फरवरी २०२५ तमे वर्षे अस्मिन् कार्ये सम्मिलितवती। तदनन्तरं अमेरिकी होमलैण्ड् सुरक्षा अन्वेषणं मादकद्रव्यप्रवर्तनप्रशासनं च गुप्तचरसूचनाः साझां कृतवन्तः टोरोन्टोपुलिसः पील् क्षेत्रीयपुलिसः च भूस्तरीयकार्यक्रमं कृतवन्तः। जुलैमासस्य १४ दिनाङ्के मार्खाम-केलेडन्-नगरे, जुलै-मासस्य २० दिनाङ्के च ब्रैम्पटन्-नगरे कृतेषु छापेषु मादकद्रव्याणि, प्रमाणानि च प्राप्तानि।

२१ अभियुक्तेषु २० जनानां परिचयः पुलिसैः प्रकाशितः; नाम्नि गगनदीप थिण्डलः, सिमरञ्जीतसिंहः, कॉंवरपालकुलरः च सन्ति। कनाडा-अमेरिका-देशयोः मध्ये मादकद्रव्याणां संगठिततस्करीयां एषः समूहः सम्मिलितः आसीत्, वैधव्यापारिकमालस्य आडम्बरेण सीमापारं मादकद्रव्याणि चालयति स्म अन्वेषणसंस्थाभिः एतत् अत्यन्तं संगठितं अन्तर्राष्ट्रीयजालम् इति वर्णितम् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : आज के दिन अपनी मेन्टल हेल्थ का ध्यान रखें। घर के सदस्यों और अपने पार्टनर के साथ टाइम स्पेंड करें।

**वृषभ** : आज के दिन जीवनसाथी के साथ अच्छा वक्त बिताएंगे। करियर में सफलता मिलने के आसार हैं।

**मिथुन** : आज के दिन करियर में सफलता मिल सकती है। घर के सदस्यों के साथ संबंध मजबूत होंगे।

**कर्क** : आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। रोमांटिक लाइफ में उथल-पुथल हो सकती है।

**सिंह** : आज के दिन स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए हेल्दी डाइट लें। नयी प्रॉपर्टी खरीदने के आसार नजर आ रहे हैं।

**कन्या** : आज का दिन छात्रों के लिए अच्छा रहने वाला है। करियर में आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** : आज करियर में नए अवसर मिल सकते हैं। प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है।

**वृश्चिक** : आज आपको करियर में सफलता मिलेगी। साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी।

**धनु** : कॉमपिटीशन की कमी के चलते आपकी प्रोडक्टिविटी पर भी असर पड़ सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** : आज अपनी फैमिली मेंबर्स के साथ वक्त बिताएं। आर्थिक स्थिति कमजोर पड़ सकती है। सूझ-बुझ के साथ ही निर्णय लें।

**कुंभ** : आज अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बेवजह की यात्रा से बचें। दिन उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है।

**मीन** : आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आपकी आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

ज्योतिष/वास्तु

## सावन के पहले सोमवार पर राशि अनुसार करें शिव मंत्र जाप, इन खास उपायों से मिलेंगे शुभ फल

आइए जानते हैं कि सावन के पहले सोमवार पर किस राशि के लोगों को कौन-सा शिव मंत्र जपना चाहिए और कौन-से उपाय करना लाभकारी माने गए हैं।

भगवान शिव की आराधना के लिए सावन का महीना अत्यंत पवित्र और फलदायी माना जाता है। विशेष रूप से पहला सोमवार भक्तों के लिए खास महत्व रखता है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान, श्रद्धा और सही मंत्रों के साथ की गई पूजा से महादेव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। साथ ही जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का संचार होता है।

ज्योतिष के अनुसार हर राशि का स्वभाव, ग्रह प्रभाव और ऊर्जा अलग-अलग होती है। ऐसे में यदि व्यक्ति अपनी राशि के अनुरूप शिव मंत्रों का जप करे और उससे जुड़े सरल उपाय अपनाए, तो पूजा का प्रभाव और भी अधिक शुभ माना जाता है। हालांकि ये सभी उपाय धार्मिक मान्यताओं और ज्योतिषीय परंपराओं पर आधारित हैं।

आइए जानते हैं कि सावन के पहले सोमवार पर किस राशि के लोगों को कौन-सा शिव मंत्र जपना चाहिए और कौन-से उपाय करना लाभकारी माने गए हैं।

- **मेष राशि-** मंगल ग्रह से प्रभावित मेष राशि के जातकों के लिए शिव के रुद्र रूप की उपासना विशेष फलदायी मानी जाती है।

**मंत्रः** ॐ नमः शिवाय या ॐ रुद्राय नमः
**उपायः** शिवलिंग पर लाल चंदन और गुलाल अर्पित करें, इससे आत्मबल और साहस बढ़ने की मान्यता है।



- **वृषभ राशि** - शुक्र ग्रह के प्रभाव वाली इस राशि के लिए शिव पूजा सुख और शांति प्रदान करने वाली मानी जाती है।
- **मंत्रः** ॐ भोलेनाथाय नमः या ॐ नमः शिवाय
- **उपायः** सफेद चंदन और मिश्री अर्पित करने से पारिवारिक सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।
- **मिथुन राशि** - बुध ग्रह की यह राशि बुद्धि और संचार से जुड़ी होती है।
- **मंत्रः** ॐ नमो भगवते रुद्राय
- **उपायः** हरी दूर्वा और मूंग अर्पित करने से एकाग्रता और निर्णय क्षमता मजबूत होती है।
- **कर्क राशि-** चंद्रमा की राशि होने के कारण ये लोग भावुक और संवेदनशील माने जाते हैं।
- **मंत्रः** ॐ चंद्रमौलेश्वराय नमः
- **उपायः** कच्चे दूध और गंगाजल से अभिषेक करने से मानसिक शांति मिलती है।
- **सिंह राशि-** सूर्य की राशि होने से आत्मविश्वास और नेतृत्व इनकी खासियत होती है।
- **मंत्रः** ॐ महेश्वराय नमः
- **उपायः** तांबे के पात्र में जल में रोली मिलाकर अर्पित करें, इससे मान-सम्मान में वृद्धि होती है।
- **कन्या राशि-** मेहनती और व्यवस्थित स्वभाव वाली इस राशि के लिए शिव कृपा से बाधाएं दूर होती हैं।
- **मंत्रः** ॐ नमो भगवते रुद्राय
- **उपायः** बेलपत्र, भांग और धतूरा अर्पित करना शुभ माना जाता है।
- **तुला राशि** - संतुलन और सामंजस्य इस राशि की पहचान है।
- **मंत्रः** ॐ त्रिलोकेश्वराय नमः
- **उपायः** सफेद फूल, शहद और इत्र अर्पित करने से रिश्तों में मधुरता आती है।
- **वृश्चिक राशि-** यह राशि साहस और दृढ़ता का प्रतीक मानी जाती है।
- **मंत्रः** ॐ शिवाय नमः
- **उपायः** पंचामृत से अभिषेक करने से आत्मबल और ऊर्जा बढ़ती है।
- **धनु राशि-** गुरु ग्रह से जुड़ी यह राशि ज्ञान और धर्म से संबंधित है।
- **मंत्रः** ॐ पशुपतये नमः
- **उपायः** पीले फूल, चंदन और हल्दी अर्पित करने से सफलता के मार्ग खुलते हैं।
- **मकर राशि** - शनि की राशि होने से धैर्य और कर्म इनकी पहचान है।
- **मंत्रः** ॐ शिवाय नमः या ॐ नमः शिवाय
- **उपायः** काला तिल और दूध अर्पित करने से शांति और कष्टों में कमी आती है।
- **कुंभ राशि** - इस राशि पर भी शनि का प्रभाव माना जाता है।
- **मंत्रः** ॐ नमः शिवाय
- **उपायः** सरसों के तेल से अभिषेक या गन्ने का रस अर्पित करना शुभ माना गया है।
- **मीन राशि** - आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाली इस राशि के लिए शिव भक्ति विशेष फलदायी होती है।
- **मंत्रः** ॐ महादेवाय नमः
- **उपायः** केसर युक्त जल से अभिषेक और पीली मिठाई का भोग लगाना लाभकारी माना जाता है।

नीरज, पीटी ऊषा को ध्वज मिला, क्लोजिंग सेरेमनी में शंकर महादेवन, मानुषी छिल्लर की परफॉर्मेंस

## भारत को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मशाल सौंपी गई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्लासगो

ग्लासगो में 11 दिन तक चले कॉमनवेल्थ गेम्स का समापन हो गया है। रविवार रात को ओवो हाइड्रो एरिना में ऑस्ट्रेलियन सिंगर डेल्टा गूडरेम की परफॉर्मेंस से क्लोजिंग सेरेमनी की शुरूआत हुई।

उसके बाद कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के प्रेसिडेंट डॉ. डोनाल्ड रुका ने 2030 गेम्स के मेजबान भारत को मशाल सौंपी। यहां नीरज चोपड़ा, इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी ऊषा और गुजरात के डिप्टी सीएम हर्ष संघवी मौजूद रहे।

आखिर शंकर महादेवन, मानुषी छिल्लर, सितार वादक ऋषभ रिखीराम और भूमि त्रिवेदी जैस भारतीय कलाकारों ने इंडियन ट्रेडिशन में गेम्स का स्वागत किया।

**स्कॉटिश कल्चर से कॉमनवेल्थ की विदाई-** सेरेमनी की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियन सिंगर डेल्टा गूडरेम, मशहूर बैंड एलीफेंट सेशंस और शेरीन कटकेल्विन की प्रस्तुति में स्कॉटलैंड के कल्चर की झलक दिखी।





ऑस्ट्रेलियन सिंगर डेल्टा गूडरेम परफॉर्म किया। वहीं, नाइजिरियन आर्टिस्ट ने स्कॉटिश कल्चर की झलक दिखाई। मशहूर बैंड एलीफेंट सेशंस ने म्यूजिक, फंक, रॉक और इलेक्ट्रॉनिक डांस के जरिए मिक्स्ड परफॉर्मेंस में स्कॉटलैंड की डायवर्सिटी दिखाई।

पैरा एथलीट मेलानी वुड्स को डेविड डिक्सन अवार्ड दिया गया। उन्हें यह अवॉर्ड गेम्स के आसाधारण प्रदर्शन और खेल भावना के लिए दिया गया।

वुड्स ने महिलाओं टी54 1500 मीटर रेस जीत ली थी, लेकिन रनर्स के क्रैश होने के कारण उन्होंने रेस फिर से कराने की मांग की और दोबारा रिकॉर्ड टाइम के साथ गोल्ड जीता।

**2030 में गेम्स के 100 साल पूरे होंगे-** 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स अपने 100 साल पूरे करेगा। पहला एडिशन 1930 में कनाडा के हैमिल्टन शहर में हुआ था। भारत दूसरी बार गेम्स की मेजबानी करेगा। इससे पहले भारत ने 2010 में गेम्स की मेजबानी की थी। तब सारे इवेंट दिल्ली में हुए थे। ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा 5 बार गेम्स की मेजबानी की है। कनाडा और स्कॉटलैंड में 4 बार टूर्नामेंट खेला गया।

### मीराबाई राष्ट्रगान सुन रो पड़ीं, नीरज को सिल्वर, गुलवीर को दो मेडल, लवलीना का पदक बिना खेले पक्का हुआ

कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने 39 मेडल जीतकर चौथा स्थान हासिल किया। वेटलिफ्टर मीराबाई चानू लगातार तीसरा गोल्ड जीतने के बाद राष्ट्रगान सुनकर रो पड़ीं। जेवलिन में नीरज चोपड़ा को सिल्वर मिला। रनर गुलवीर सिंह ने ट्रैक एंड फील्ड में दो मेडल जीतकर इतिहास रचा। दूसरी ओर लवलीना बोरगोहेन का बॉक्सिंग में मेडल गेम्स शुरू होने से पहले ही पक्का हो गया।

**मीराबाई गोल्ड जीतने के बाद रो पड़ीं-** भारत के सबसे भावुक पलों में से एक मीराबाई चानू का मेडल इवेंट रहा। वेटलिफ्टिंग में गोल्ड जीतने के बाद जब राष्ट्रगान बजा तो हमेशा मुस्कुराती दिखने वाली मीराबाई रो पड़ीं।

**तेजस्विन शंकर ने चोट में भी रचा इतिहास-** तेजस्विन शंकर ने डेकाथलन में भारत का पहला कॉमनवेल्थ मेडल जीता। उन्होंने चोटिल घुटने के बावजूद 10 इवेंट्स में हिस्सा लिया। कुछ मौकों पर उन्होंने कोचिंग का काम भी किया। वे साथी खिलाड़ियों को सलाह देते भी नजर आए।

**अस्मिता डे ने दिलाया जूडो का पहला गोल्ड-** त्रिपुरा की अस्मिता डे ने भारत को कॉमनवेल्थ इतिहास का पहला जूडो गोल्ड दिलाया। फाइनल में पिछड़ने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की। आर्थिक संघर्षों से निकलकर गोल्ड जीतने वाली अस्मिता ग्लासगो की सबसे इंस्पायर कहानियों में शामिल रहीं।

**नीरज से ज्यादा चर्चा यशवीर की हुई-** जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने सिल्वर मेडल जीता, लेकिन सबसे बड़ा सरप्राइज यशवीर सिंह रहे। आखिरी थ्रो से पहले वे आठवें स्थान पर थे। छठे थ्रो में उन्होंने 85.41 मीटर का पर्सनल बेस्ट प्रदर्शन किया और ब्रॉन्ज जीत लिया।

## जसप्रीत बुमराह श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। सीरीज का पहला मैच 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा। बुमराह बाएं घुटने की चोट से उबर रहे थे। बेंगलुरु में मौजूद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उनका रिहैबिलिटेशन चल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक बोर्ड की मेडिकल टीम ने उन्हें अभी वापसी न करने की सलाह दी है। उन्हें पूरी तरह ठीक होने तक आराम करने को कहा गया है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। वे सीरीज के आखिरी वनडे में नहीं खेल सके थे। 32 साल के बुमराह को मंगलवार को भारत की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर था।

## हार्दिक पंड्या ने सिर मुंडवाया

### तिरूपति बालाजी के दर्शन किए, गर्लफ्रेंड महिका शर्मा भी साथ, आईपीएल के बाद से कोई मैच नहीं खेला है



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तिरुमाला

भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने रविवार को तिरुमाला के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति बालाजी) में पूजा-अर्चना की। इस दौरान हार्दिक सिर मुंडवाए हुए थे। हार्दिक के साथ उनकी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा भी मौजूद थीं। मंदिर में दर्शन के दौरान हार्दिक और माहिका दोनों ही पारंपरिक सफेद कपड़ों में दिखाई दिए। तिरुपति मंदिर में श्रद्धालु भगवान वेंकटेश्वर के प्रति अपनी आस्था जताने और मनोकामना पूरी होने पर या उसके लिए प्रार्थना करते हुए मुंडन कराते हैं। हर साल लाखों लोग यहां अपने बाल दान करते हैं। बाद में इन बालों की नीलामी की जाती है और उससे मिलने वाली आय का उपयोग मंदिर के संचालन और अन्य सामाजिक-धार्मिक कार्यों में किया जाता है। हार्दिक चोट से उबरकर वापसी की कोशिश कर रहे हैं। हार्दिक पंड्या आईपीएल 2026 के बाद से चोट के कारण क्रिकेट से दूर हैं। पहले उन्हें पीठ में अकड़न की समस्या हुई, फिर जांघ की चोट ने उनकी वापसी टाल दी।

## खबर एक नजर...

### कंजरों ने मक्सी में छुपाकर रखे थे आभूषण और बाइक

**उज्जैन।** सूने मकानों में वारदात करने के साथ बाइक चोरी में शामिल 2 कंजरों अविनाश हाड़ा और अमिष झांझा निवासी रुलकी शाजापुर को चिमनगंज और नागझिरी थाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया था। दोनों कंजर बदमाश चिमनगंज थाना पुलिस की रिमांड पर है। रविवार को पूछताछ में चोरी की एक बाइक और कुछ आभूषण मक्सी में छुपाकर रखा होना सामने आने पर एक टीम मक्सी रवाना की गई थी। जहां खेत किनारे छुपाकर रखी गई चोरी की बाइक के साथ कुछ आभूषण पुलिस ने बरामद किये। दोनों का सोमवार को रिमांड खत्म होने के बाद न्यायालय में पेश किया जायेगा। विदित हो कि गिरफ्त में आने के बाद दोनों कंजरों से चोरी की 11 बाइक जप्त की गई थी, वहीं चार मकानों में की गई चोरी में 7 लाख के आभूषण बरामद हुये थे। पुलिस ने दोनों से चोरी की बाइक खरीदने वाले बेरछा निवासी सद्दाम को गिरफ्तार कर आरोपी बनाया था।

### छात्रा से छेड़छाड़ में आरोपी का साथ देने वाले गिरफ्तार

**उज्जैन।** नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी की मदद करने और छात्रा के परिवार को धमकी देकर रूपयों की मांग करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 31 जुलाई को कस्बे में रहने वाली नाबालिग छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि स्कूल जाते समय समीर नामक युवक उसके साथ छेड़छाड़ करता है। जिसका विरोध करने पर उसके 3 साथियों ने द्वारा घर आकर धमकाया और बोला कि समीर छेड़छाड़ करेगा। अगर 10 हजार रुपए नहीं दिये तो लड़की को समाज में बदनाम कर देगें। थाना प्रभारी के अनुसार छात्रा की शिकायत पर छेड़छाड़ करने वाले समीर और उसकी सहायता कर धमकाने के साथ रूपयों की मांग करने वाले शाहिद पिता अब्दुल रहमान 44 साल, साहिल पिता शाहिद 18 साल और सोहेल पिता शाहिद 22 साल निवासी यशवंत मार्ग जेल रोड महिदपुर के खिलाफ धारा 74, 75(2), 79, 78(2), 308 (2), 3(5) बीएनएस और पास्को एक्ट की धारा 7/8, 11(आईवी)/12, 9 (जी)/10, 9(एन)/10 का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपियों की तलाश में एसआई अन्नपूर्णा कठेरिया, एनएस कनेश, प्रधान आरक्षक विजयसिह, नारायणसिंह, चन्द्रभानसिह, आरक्षक राघव, मोहसिन की टीम को अलर्ट किया। रविवार सुबह छेड़छाड़ में मदद करने और छात्रा के परिजनों को धमकाने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोपहर को कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में मुख्य आरोपी समीर फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### 18 साल के युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**उज्जैन।** राघवी के रहने वाले कमलेश पिता ईश्वर 18 साल की रविवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसकी एक दिन पहले तबीयत बिगड़ी थी। परिजनों ने बताया कि कमलेश ने शनिवार को बुखार आने की बात कहीं थी। रविवार दोपहर वह शौच करने जंगल गया था, आने के बाद घबराहट होने की बात कहने लगा। उसे उपचार के लिये शाम को उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। उसे अस्पताल लेकर आये गोविंद परमार ने बताया कि परिवार मजदूरी करता है। कमलेश पढ़ाई कर रहा था, उसका एक छोटा भाई है। मामला संदिग्ध होने पर डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। सोमवार सुबह पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### रविशंकर नगर में गायों के झुंड ने वृद्धा को रौंदा

**उज्जैन।** रविशंकर नगर में हरिफाटक ब्रिज के नीचे 60 साल की वृद्धा को गायों के झुंड ने रौंद दिया, वृद्धा गंभीर घायल हो गई। वहां से गुजर रहे जयसिंहपुरा निवासी अंकुश पिता मुकेश ने वृद्धा को घायल हालत में देखा तो 108 एम्बुलेंस को कॉल कर उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने वृद्धा को भर्ती किया है। अंकुश ने बताया कि वृद्धा ब्रिज के नीचे अकेली रहती है, जहां एक खाट पर सोती है। गायों के झुंड से उनकी खाट भी टूट गई थी। वृद्धा खुद को उड़ीसा की रहने वाली बता रही है, जो काफी समय से ब्रिज के नीचे जीवन यापन कर रही है। अस्पताल से घायल महिला की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी गई है।

### पाइप फैक्ट्री चौराहा पर 2 कारों में भिड़ंत, केस दर्ज

**उज्जैन।** पाइप फैक्ट्री चौराहा पर शनिवार-रविवार रात 2 कारों की भिड़ंत हो गई। घटनाक्रम के बाद एक कार चालक मौके से भाग निकला। दूसरी कार में मक्सीरोड श्रीनगर में रहने वाला अमित पिता राजेश सक्सेना सवार था। भिड़ंत में उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। माधवनगर थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है। कार-डंपर की भिड़ंत का एक मामला पंवासा क्षेत्र में हुआ। जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई। पंवासा थाना पुलिस ने कार चालक अजेन्द्र पिता रमेशचंद्र त्रिवेदी निवासी मक्सीरोड की शिकाय पर डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### बाइक पर बैठाने से मना किया तो मारा चाकू

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र के नागतलाई मार्ग पर रात 11.30 बजे बाइक सवार साजिद पिता साबीर निवासी जूनासोमवारिया को एक युवक ने रोका और लिफ्ट मांगी। साजिद ने बाइक पर बैठाने से मना किया और जाने लगा, तभी उक्त युवक ने चाकू मार दिया। महाकाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

5 8 0

एसपी बोले श्रद्धालुओं को दर्शन कराना हमारा दायित्व

# महाकाल की प्रथम सवारी से पहले 21 संदिग्ध हिरासत में

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

सावन माह की प्रथम सवारी सोमवार (आज) शाम 4 बजे महाकाल मंदिर से निकाली जायेगी। बाबा भक्तों को दर्शन देने परंपरागत मार्ग पर निकलेगें। लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर रविवार सुबह से पुलिस मैदान में उतर गई थी। आस्था की भीड़ में वारदात करने वाले 21 संदेहियों को पकड़ा गया।

12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में सावन-भादौ माह उत्सव आस्था का सबसे बड़ा उत्सव रहता है। सावन माह की शुरूआत 2 दिन पहले हो चुकी है, बाबा महाकाल की प्रथम सवारी सोमवार (आज) निकाली जायेगी। एक दिन पहले रविवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक नगरी में पहुंच गये थे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पिछले एक सप्ताह से तैयारी कर रहा था। रविवार सुबह से क्राइम ब्रांच, सायबर, महाकाल, देवासगेट थाना पुलिस मैदान में उतर गई थी। आस्था की भीड़ में वारदात करने वाले संदिग्धों की तलाश शुरू की गई। रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, होटल, लॉजों के साथ पारदी-कंजर डेरों पर सर्चिंग कर संदिग्धों को सत्यापन शुरू किया गया। इस दौरान 2 दर्जन के लगभग संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। जिनसे पूछताछ की जा रही है। आशंका जताई गई है कि हिरासत में लिये गये संदिग्ध सवारी के दौरान श्रद्धालुओं के साथ वारदात कर मोबाइल, पर्स, चेन स्नेचिंग को अंजाम दे सकते थे। पुलिस की अलग-अलग टीम पुराने शहर के सभी स्थानों पर मुस्तैदी के साथ नजर बनाये हुये है। देर रात तक पुलिस का सर्चिंग अभियान जारी था। होटल, लॉजों, धर्मशालाओं में जांच के दौरान संचालाकों को निर्देशित किया गया है कि संदिग्धों की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाये। बिना दस्तावेज किसी को कमरे उपलब्ध नहीं कराये। सीसीटीवी कैमरों को चालू रखें। अगर कोई गड़बड़ी सामने आई कि संचालकों के खिलाफ एक्शन लिया जायेगा।



### धरती से लेकर आसमान तक सुरक्षा व्यवस्था

सावन माह में श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि धरती से आसमान तक हर व्यवस्था हमारी जिम्मेदारी है। सभी श्रद्धालुओं को सुगमता से बाबा महाकाल के दर्शन कराना हमारा दायित्व है। उन्होने रविवार शाम सुरक्षा-व्यवस्था की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुये समीक्षा बैठक की और नीलकंठ द्वार पर अधिकारियों और पुलिस बल की ब्रीफिंक कर निर्देश जारी किये। ड्युटी पर तैनात किये गये अधिकारियों को अपने सेक्टरों में पहुंचकर सवारी मार्ग, बैरिकेटिंग, हाईराईज बिल्डिंगों और ऊंचे भवनों के साथ विद्युत पोल के साथ अन्य सुरक्षा व्यवस्था का मैदानी निरीक्षण करने के लिये रवाना किया।

### 12 सौ पुलिसकर्मियों को किया गया तैनात

सुरक्षा-व्यवस्था में रविवार को महाकाल मंदिर और आसपास के मार्गो पर पुलिस बल को अलर्ट कर दिया गया था। वहीं आज शाम निकलने वाली बाबा महाकाल की प्रथम सवारी के लिये 12 सौ से अधिक पुलिस अधिकारियों और जवानों की तैनाती की गई है। आज दोपहर 12 बजे बाद महाकाल मंदिर की ओर जाने वाले कई मार्गो पर वाहनों की प्रतिबंधित कर दी जायेगी। यातायात जवान सवारी से पहले और सवारी के बाद दोनों समय प्रमुख मार्गो पर आवागमन की व्यवस्था को संभालेगें और जाम की स्थिति ना बने इस पर नजर रखेगें।

कैमरे में दिखाई दिया बदमाश, पूर्व में भी हो चुकी है चोरी

# ताला तोड़कर बदमाशों ने मंदिर की दानपात्र से निकाली राशि

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

मोहननगर चौराहा पर रविवार सुबह श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिये अम्बे माता के मंदिर पहुंचा तो ताला टूटा देखा, दानपात्र खुला हुआ था। पुजारी को मंदिर में चोरी की जानकारी दी गई। खबर मिलते ही पुलिस मंदिर पहुंच गई थी। सीसीटीवी कैमरे में एक बदमाश दिखाई दिया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि तड़के प्रभात गश्त के दौरान मोहननगर चौराहा स्थित अम्बे माता मंदिर के पुजारी अनिरूद्ध पांडे से खबर मिली कि रात में बदमाशों ने मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र से हजारों की राशि चोरी कर ली है। पुलिस तत्काल मंदिर पहुंच गई, इस दौरान सामने आया कि तड़के क्षेत्र में रहने वाले माता के भक्त ओम यादव पूजा अर्चना के लिये पहुंचे थे, उन्होने सबसे पहले ताला टूटा देखा और पुजारी का सूचना दी। पुलिस ने मंदिर में जांच के बाद वहां लगा सीसीटीवी कैमरा चैक किया, लेकिन कैमरा पुजारी के मोबाइल पर ओपन नहीं हुआ। पुलिस ने डीवीआर जांच के लिये अपनी कस्टडी में लिया और थाने लेकर आई। जिसे स्क्रीन पर देखने के बाद सामने आया कि मंदिर में चोरी करने वाला एक बदमाश था। जिसने दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें से राशि निकाली है। पुलिस मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि बदमाश के साथियों का भी पता लगाया जा सके। फिलहाल कैमरे में दिखे बदमाश की पहचान के प्रयास किये जा रहे है, जो संभवतः नाबालिग प्रतित हो रहा था।



### साल में एक बार खुला है दानपात्र

मंदिर के पुजारी अनिरूद्ध पांडे ने बताया कि दानपात्र में हजारों की राशि रखी हुई थी। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु आते है, जो स्वैच्छा से दान राशि पात्र में डालते है। दानपात्र को सालभर में एक बार नवरात्रि में खोला जाता है। पिछले साल शारदीय नवरात्रि में दान पात्र खोला गया था, उसके बाद से बंद था। पुजारी के अनुसार पूर्व में माता मंदिर में चोरी की वारदात हो चुकी है। उसके बाद मंदिर में कैमरे लगाये गये थे। चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश वरकड़े ने बताया कि बदमाश की तलाश जारी है। वह शहरी क्षेत्र का हो सकता है। जल्द गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जायेगा।

# पेंशन बंद होने का झांसा देकर की 98 हजार धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी को साइबर अपराधी ने पेंशन बंद होने का झांसा देकर ठग लिया गया। खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने पर सेवानिवृत्त कर्मचारी ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई।

खाराकुआ थाना पुलिस ने बताया कि पानदरीबा स्थित शिखर दर्शनम मल्टी में रहने वाले सतीशचंद्र पिता प्रेमचंद्र मेहता 64 साल की शिकायत पर ऑनलाइन 98 हजार 894 रुपए की साइबर धोखाधड़ी होने का मामला अज्ञात बदमाश के खिलाफ दर्ज कर जांच मे लिया गया है। सतीशचंद्र मेहता ने बताया कि वह रेलवे से सेवानिवृत्त है। 28 जुलाई को उनके मोबाइल पर कॉल आया था और कहा गया कि पीएफ ऑफिस से बात कर रहे है, आपके खाते में संशोधन करना है नहीं तो आपकी पेंशन बंद हो जायेगी। कॉल करने वाले ने उन्हे मोबाइल पर फाइल भेजी, जिसमें उनका और पत्नी का फोटो लगा था। फाइल देख उन्हे विश्वास हो गया कि पीएफ ऑफिस से कॉल आया है। कॉल करने वाले ने उनसे बैंक संबंधित जानकारी मांगी, पीएफ खाते में लगे दस्तावेजों के बारे में बताया और उसके बाद मोबाइल पर भेजा गया ओटीपी प्राप्त कर लिया। कुछ देर बाद खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने का मैसेज मिला। पुलिस के अनुसार बैंक के माध्यम से धोखाधड़ी कर निकाली गई राशि होल्ड कराने का प्रयास किया गया है। वहीं सेवानिवृत्त कर्मचारी के पास आये मोबाइल नम्बर की जांच की जा रही है। विदित हो कि साइबर फ्रॉड को लेकर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के बाद साइबर धोखाधड़ी करने वालों ने अपना तरीका भी बदल लिया है। उनके द्वारा संबंधित व्यक्ति के दस्तावेज प्राप्त कर उन्हे झांसे में लिया जा रहा है, वहीं कई लोगों के मोबाइल हैक कर खातों से राशि निकाली जा रही है।

# दरवाजा तोड़ा तो फंदे पर लटका मिला युवक

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

रात में युवक ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक नहीं खोला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा। युवक रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि जयसिंहपुरा स्थित ध्रुवनगर में रहने वाला लाखन पिता शंकरलाल कुमावत 29 साल रात में घर लौटा और कमरे में चला गया उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। परिवार के लोग टीवी देख रहे थे। काफी देर तक लाखन कमरे से बाहर नहीं आया तो भाभी सलोनी उसे खाना खाने के लिये बुलाने पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था, काफी खटखटाने पर नहीं खुला तो आसपास के लोगों को बुलाया गया और दरवाजा तोड़ा गया। लाखन रस्सी के फंदे से लटका हुआ था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंची तो सामने आया कि लाखन की शादी नहीं हुई थी। उसका दिमागी संतुलन बिगड़ चुका था और कई दिनों से वह मरने की बात कह रहा था। वह भाईयों के साथ रहता था। परिवार मजदूरी करता है। पुलिस के अनुसार फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

**कार्तिक मेला ग्राउंड से मिली लाश-** रविवार देर शाम कार्तिक मेला ग्राउंड से एक व्यक्ति की लाश पुलिस ने सूचना मिलने पर बरामद की। बताया जा रहा है कि मृतक दिव्यांग है और संभवतः बीमारी के चलते उसकी मौत हुई है। पुलिस को उसके पास से पहचान का दस्तावेज नहीं मिला है।

दुर्घटना का शिकार हुआ स्कूटी सवार युवक

# हाईवे पर बेकाबू हुई वेगनार, स्कार्पियों को मारी टक्कर




ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

उज्जैन। देवासरोड हाइवे पर रविवार शाम वेगनार गाड़ी बेकाबू हो गई। उसने स्कार्पियों को टक्कर मारी। दोनों वाहनों की भिड़ंत के बीच स्कूटी सवार चपेट में आ गया। स्कूटी सवार को अधिक चोंट लगने पर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने वेगनार को जप्त कर लिया है। स्कार्पियों चालक ने शिकायत दर्ज कराई है।

### उज्जैन-देवास रोड पर लगा जाम

नरवर थाना क्षेत्र के हाइवे पर हुई दुर्घटना के बाद मार्ग पर जाम के हालत बन गये थे। काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच क्षतिग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटाया और आवागमन शुरू कराया। सावन माह की शुरूआत होने और सोमवार को बाबा महाकाल की पहली सवारी होने पर देवास-उज्जैन मार्ग पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है।

नरवर थाना पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के देवास-उज्जैन हाइवे मार्ग पर शाम को तेजगति से दौड़ती वेगनार कार क्रमांक एमपी 17 सीबी 6070 अचानक बेकाबू हो गई। उसने आगे चल रही स्कार्पियों क्रमांक एमपी 13 सीडी 5801 को टक्कर मार दी, वेगनार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसकी चपेट में एक स्कूटी सवार भी आ गया। जिसे गंभीर चोंट लगी। उसे लोगों की मदद से तत्काल उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने स्कार्पियों चालक रामचंद्र पिता गिरधारीलाल चौहान निवासी ग्राम लोद बडावदा रतलाम की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है, जो टक्कर मारने के बाद वेगनार छोड़ भाग निकला था। दुर्घटना के बाद प्रत्यदर्शियों का कहना था कि कार चालक शराब के नशे में था। पुलिस के अनुसार कार नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। क्षतिग्रस्त हालत में मिली कार को जप्त किया गया है। वहीं घायल स्कूटी सवार की जानकारी जुटाई जा रही है। देर शाम तक यह सामने नहीं आया पाया था कि उसे किस अस्पताल में भर्ती किया गया है।

वन विभाग के दल ने सूचना मिलते ही एक घंटे में किया सुरक्षित रेस्क्यू

# टेंट व्यापारी के घर की सीढ़ियों तक पहुंचा 6 फीट का मगरमच्छ

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

मंदसौर जिले के नारायणगढ़ कस्बे में रविवार सुबह उस समय दहशत फैल गई जब एक 6 फीट का मगरमच्छ टेंट व्यवसायी शैलेंद्र पाटीदार के घर की सीढ़ियों पर उपर तक जा पहुंचा । सुबह 7.30 बजे हुई इस घटना में गनीमत रही कि समय रहते परिजनों की नजर पड़ गई, जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। मगरमच्छ का दोपहर तक वन विभाग ने सुरक्षित रेस्क्यू किया हैं।

परिवार के जैसे ही घर की सीढियों पर मगरमच्छ को देखा बरबस ही उनके मुंह से चीख निकल गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इसकी सूचना वन विभाग को दिए जाने पर डिप्टी रेंजर सुनील जैन और वनरक्षक मयूर सिंह चौहान के नेतृत्व में वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से करीब एक घंटे की सतर्क मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से काबू में लिया गया।

वन विभाग के अनुसार रेस्क्यू पूरी तरह प्रशिक्षित प्रक्रिया के तहत किया गया। पहले टीम ने मगरमच्छ को चारों तरफ से घेरकर उसकी गतिविधि सीमित की। इसके बाद विशेष रेस्क्यू स्टिक की मदद से गर्दन को नियंत्रित किया गया ताकि वह हमला न कर सके। फिर मजबूत रस्सी से मुंह बांधकर शरीर को सुरक्षित तरीके से दो लोगों ने उठाकर रेस्क्यू वाहन में शिफ्ट किया गया। डीएफओ संजय रायखेरे ने बताया कि पकड़ा गया मगरमच्छ लगभग 5 से 6 फीट लंबा और 10 से 12 किलो वजनी था। रेस्क्यू के बाद उसे मूंदड़ी गांव के पास शिवना नदी में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस क्षेत्र में मगरमच्छ के आबादी में आने की यह पहली घटना है। मल्हारगढ़, नारायणगढ़ और नाहरगढ़ क्षेत्र में शिवना नदी से जुड़े कई नाले हैं। लगातार बारिश और नालों में जलभराव के कारण मगरमच्छ मुख्य धारा से भटककर रिहाइशी इलाकों तक पहुंच रहे हैं। प्रारंभिक अनुमान है कि शैलेंद्र पाटीदार के घर के पास स्थित नाले में पानी भरे होने के कारण ही मगरमच्छ भटककर घर तक आ गया। मानसून के दौरान ऐसी घटनाओं की आशंका को देखते हुए वन विभाग की टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। सूचना मिलते ही त्वरित रेस्क्यू के निर्देश दिए गए हैं।

### मादा बंदर नीम के वृक्ष से गिरी

उज्जैन के जीवाजीगंज क्षेत्र में रविवार सुबह एक मादा बंदर नीम के पेड से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। सूचना मिलने पर वन विभाग के दल ने पहुंचकर उसका रेस्क्यू किया। मादा बंदर के साथ नवजात शिशु भी था। टीम मादा बंदर को लेकर पशु चिकित्सक डा.अरविंद मैथनिया के पास पहुंचा था। बकौल डा.मैथनिया मादा बंदर की स्थिति गंभीर होने पर उसे जीवन रक्षक ड्रग डेक्सोना एवं न्यूरोबियान का डोज दिया गया।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com